सबसे बड़ा हत्यारा कौन?

**नहीं। हिटलर नहीं, परमाणु बम भी नहीं....
कोई प्राकृतिक आपदा भी नहीं।**

दुनिया का सबसे बड़ा हत्यारा है

मच्छर

एक छोटा-सा मच्छर कई जानलेवा बीमारियों का वाहक है। वाहक यानी एक से दूसरे तक पहुँचाने वाला। जब मच्छर मनुष्य या अन्य जानवरों को डंक मारकर उनका खून चूसता है, तो उसकी लार में मौजूद रोगाणु (वायरस) शिकार के शरीर में घुस जाते हैं। ऐसे लगभग 50 किस्म के रोगाणु हैं जो मच्छर द्वारा फैलते हैं और मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, एंसेफलाइटस, पीला बुखार आदि बीमारियाँ पैदा करते हैं। आमतौर पर अधिकतर वायरस जानवरों में ही पाए जाते हैं। मच्छर जैसे कई रोगवाहक इन वायरसों को जानवरों से या एक मनुष्य से दूसरे तक पहुँचाने का काम करते हैं।

नीचे दी तालिका को देखो। इसमें मच्छर द्वारा मनुष्य में फैलाई जाने वाली कुछ बीमारियों के आँकड़े दिए गए हैं:

मच्छर द्वारा फैलाए रोग	पीड़ितों की संख्या	मौतें (सालाना)
मलेरिया	10-30 करोड़	10-20 लाख
फाइलेरिया	12 करोड़	शून्य
डेंगू	5 करोड़	24 हज़ार
एंसेफलाइटस	30-40 हज़ार	10 हज़ार
पीला बुखार	2 लाख	30 हज़ार

मलेरिया 90 देशों में स्थानिक बीमारी है। हर साल दुनिया के प्रत्येक 100 में से 10 लोग इस बीमारी का शिकार बनते हैं। सबसे अधिक मौतें भी इसी बीमारी की वजह से होती हैं।

मलेरिया के चार रोगाणु हैं: प्लास्मोडियम फैल्सीपैरम, प. वाइवैक्स, प. मलेरिया और प. ओवले। इनमें सबसे जानलेवा वायरस है प. फैल्सीपैरम।

रेक्स डी रोज़ारिओ

क्या तुम जानते हो?

दुनिया में मच्छरों की 3,000 से भी ज़्यादा जातियाँ पाई जाती हैं।